हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 26 अप्रैल 2026

06 भगवान परशुराम मंदिर की मनाई तीसरी वर्षगांठ



09 अशोकनगर जिले में 1170 परीक्षार्थी शामिल होंगे, 90 मिनट पहले मिलेगा...






## नगर के इंवेंट

### शारदा विद्या निकेतन विद्यालय के मेधावी छात्रों से कलेक्टर की हुई प्रेरणादायी मुलाकात

**गुना।** शनिवार को शारदा विद्या निकेतन विद्यालय के मेधावी छात्रों को कलेक्टर गुना ने सम्मानित किया और भावी जीवन मे सफ़लता हेतु सफ़लता सूत्र दिए छात्रों की जिज्ञासाओं का सरल और प्रेरक समाधान भी किया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय शारदा विद्या निकेतन विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षण कराने वाला जिले का प्रथम विद्यालय हैं। इस बर्ष मप्र बोर्ड की 10 वी और 12 वी कक्षा मे विद्यालय के छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य दिनेश अग्रवाल सहित शिक्षण प्रमुख सोनिया शोभवानी एवं विद्यालय से विजय जैन व गजराम यादव उपस्थित रहे।



### ईमानदारी और तत्परता की मिसालः गुना पुलिस ने बस में छूटा पर्स लौटाया

**गुना।** पुलिस ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए बस में छूटा पर्स खोजकर फरियादिया को सुरक्षित वापस लौटाया। पर्स में लगभग 12,000 रुपये नकद थे, जो पूरी तरह सुरक्षित मिले।यह सराहनीय कार्यवाही पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में की गई। फरियादिया सुनीता लोधी, निवासी हड्डी मील शिवपुरी, ने गुना पुलिस के सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचकर निरीक्षक विकास उपाध्याय को जानकारी दी कि शिवपुरी से गुना आते समय बस में उनका पर्स छूट गया था।सूचना मिलते ही निरीक्षक विकास उपाध्याय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अपनी टीम को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से संबंधित बस की पहचान की और बस चालक से संपर्क स्थापित किया। तत्परता से की गई कार्रवाई के चलते पर्स सुरक्षित प्राप्त कर लिया गया।इसके बाद पुलिस ने पर्स को फरियादिया को सौंप दिया। अपना पर्स सकुशल वापस मिलने पर सुनीता लोधी ने गुना पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि गुना पुलिस आमजन की सेवा, सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर है और जनविश्वास को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।



### जुआ के अड्डे पर पुलिस की दबिश, एक गिरफ्तार, लाखों के लेनदेन का खुलासा

गुना। अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कैंट थाना पुलिस ने बिलोनिया गांव के जंगल क्षेत्र में संचालित जुआ के अड्डे पर दबिश देकर एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य मौके से फरार हो गए।यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। 24 अप्रैल को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने हनुमान चौराहे के पास एक संदिग्ध युवक रवि चंदेल को पकड़ा। पूछताछ में उसने जुए के एक बड़े गिरोह का खुलासा किया, जिसका मुख्य संचालक दिनेश कुशवाह उर्फ "चश्मा" बताया गया। आरोपी लोगों को जंगल में जुआ खेलने ले जाकर ऑनलाइन माध्यम से पैसों का लेनदेन करता था।इसके बाद पुलिस टीम ने बिलोनिया के जंगल में दबिश दी, जहां कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेलते मिले। पुलिस को देखकर भगदड़ मच गई, लेकिन एक आरोपी छोटू जोगी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।मौके से पुलिस ने 29,700 रुपये नगद, ताश की गड्डी, एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त की, जिसकी कुल कीमत करीब 1 लाख रुपये बताई गई है। जब्त मोबाइल की जांच में करीब 25 लाख रुपये के ऑनलाइन जुए के लेनदेन का खुलासा हुआ है।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 एवं बीएनएस की धारा 112(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।इस कार्रवाई में कैंट थाना पुलिस की टीम के कई जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गुना में गर्मी का कहरः शनिवार रहा सीजन में अब तक का सबसे ज्यादा गर्म दिन

**6 दिन में 3 डिग्री उछलकर 40 से 43 डिग्री पर पहुंच गया पारा**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में गर्मी लगातार विकराल रूप लेती जा रही है। पिछले छह दिनों के मौसम आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में सूरज आग उगल रहा है। 20 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच अधिकतम तापमान लगातार बढ़ते हुए 43.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे आमजन बेहाल हैं। दिनभर चल रही गर्म हवाओं और तेज धूप ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है।



#### 20 अप्रैल से शुरू हुई तपिश हर दिन बढ़ा तापमान

20 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो 21 और 22 अप्रैल को 40.7 डिग्री पर बना रहा। 23 अप्रैल को यह बढ़कर 41.5 डिग्री और 24 अप्रैल को 41.6 डिग्री तक पहुंच गया। शनिवार 25 अप्रैल को पारा सीधे 43.3 डिग्री पर पहुंच गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक तापमान माना जा रहा है।

#### रात में भी नहीं मिल रही राहत

न्यूनतम तापमान भी लगातार ऊंचा बना हुआ है। 20 अप्रैल को रात का तापमान 26.6 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि अन्य दिनों में यह 23 से 25 डिग्री के बीच बना रहा। गर्म रातों के कारण लोगों को पर्याप्त राहत नहीं मिल पा रही है, जिससे बुजुर्गों और बच्चों की परेशानी और बढ़ गई है।

#### आर्द्रता कम, लू का असर ज्यादा

सुबह की आर्द्रता 25 से 37 प्रतिशत के बीच रही, जबकि शाम के समय यह 12 से 20 प्रतिशत तक दर्ज की गई। कम नमी और तेज धूप के कारण लू का प्रभाव अधिक महसूस किया जा रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा है।

#### बारिश पूरी तरह गायब सूखी रही धरती

20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जिले में वर्षा शून्य दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 08:30 सुबह से 17:30 शाम तक किसी भी दिन बारिश नहीं हुई। लगातार सूखे हालात के चलते गर्मी का असर और अधिक तीखा हो गया है।

#### सुबह जल्दी निकल रहा सूरज, देर तक तप रही धरती

25 अप्रैल को सूर्योदय सुबह 5:50 बजे और सूर्यास्त शाम 6:47 बजे दर्ज किया गया।

यानी दिन लंबे होते जा रहे हैं और धूप का असर भी ज्यादा समय तक बना हुआ है। इससे तापमान में और बढ़ोतरी हो रही है।

#### स्वास्थ्य विभाग ने दी सावधानी की सलाह

लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है, इसलिए विशेष सावधानी जरूरी है।

## म्याना पुलिस ने रात में ही आरोपी बेटे को दबोचा

# पेट्रोल के विवाद में बेटे ने पिता पर किया गैंती से हमला, इलाज के दौरान मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र में एक मामूली पेट्रोल विवाद ने ऐसा खूनी रूप ले लिया कि बेटे के हाथों पिता की जान चली गई। रिश्तेदारी में शादी में जाने की तैयारी कर रहे 48 वर्षीय रमेश जाटव की उनके ही बेटे ने गैती मारकर हत्या कर दी। सिर पर हुए जानलेवा वार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए गए रमेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जबकि पुलिस ने आरोपी बेटे को उसी रात गिरफ्तार कर लिया।

#### शादी में जाने की तैयारी के बीच शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार म्याना थाना क्षेत्र के सगोरिया गांव निवासी रमेश जाटव रविवार रात परिवार के साथ रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने जाने वाले थे। इसी दौरान उन्होंने अपने बेटे से गाड़ी की चाबी मांगी। बेटे ने टंकी में भरे पेट्रोल का हवाला देते हुए चाबी देने से इनकार कर दिया। पिता ने कहा कि पेट्रोल निकाल लो, बाद में दोबारा भरवा देंगे, लेकिन इसी बात पर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।

#### चाबी लाने के बहाने अंदर गया, गैंती लेकर लौट आया

परिजनों के मुताबिक, कहासुनी के बाद आरोपी बेटा चाबी लाने के बहाने घर के अंदर गया, लेकिन कुछ ही देर में वह गैती लेकर बाहर आया। उसने अचानक पिता के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। वार इतना घातक था कि रमेश का सिर बुरी तरह फट गया और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े।

#### अस्पताल में पांच घंटे चला इलाज, रात 3 बजे मौत

घटना के बाद परिजन रमेश को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने लगातार पांच से छह घंटे तक इलाज किया। गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण रात करीब 3 बजे उनकी मौत हो गई। पिता की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

#### पहले भी कई बार पिता पर कर चुका था हमला

ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार आरोपी बेटा पहले भी कई बार पिता के साथ मारपीट कर चुका था। परिवार में लंबे समय से तनाव बना हुआ था। इस बार विवाद इतना बढ़ गया कि उसने अपने ही पिता की जिंदगी खत्म कर दी। घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया।

#### पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की

म्याना थाना प्रभारी बृजमोहन भदौरिया ने बताया कि आरोपी को घटना के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया गया था। उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद को घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# महिला बैंक मैनेजर ने जहर खाकर दी जान

**लव मैरिज के 3 साल बाद उठाया कदम**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की विंध्याचल कॉलोनी में रहने वाली एक महिला बैंक अधिकारी की संदिग्ध मौत ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी। एचडीएफसी बैंक में प्रोजेक्ट मैनेजर पद पर कार्यरत 33 वर्षीय दिव्या मिश्रा ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना ने परिजनों सहित बैंक कर्मचारियों और आसपास के लोगों को भी स्तब्ध कर दिया।

#### रीवा की रहने वाली थी दिव्या, प्रेम विवाह के बाद गुना में बसी थी

'दिव्या मिश्रा मूल रूप से रीवा की निवासी थीं और पिछले कुछ समय से अपने पति दीपेंद्र मिश्रा के साथ गुना की विंध्याचल कॉलोनी में रह रही थीं। दोनों ने करीब तीन वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। आसपास के लोगों के अनुसार दोनों सामान्य वैवाहिक जीवन जी रहे थे और किसी बड़े विवाद की जानकारी सामने नहीं आई थी।

#### बाजार भेजा पति को फिर फोन पर बोली मैंने जहर खा लिया

शुक्रवार शाम घटना ने अचानक भयावह मोड़ ले लिया। बताया जा रहा है कि दिव्या ने अपने पति को कुछ घरेलू सामान लेने बाजार भेजा था। इसी दौरान पति ने फोन कर पूछा कि कुछ और लाना है या नहीं। तभी दिव्या ने चौंकाने वाला जवाब दिया "मैंने जहर खा लिया है।" यह सुनते ही पति के पैरों तले जमीन खिसक गई। पति तुरंत घर पहुंचा और गंभीर हालत में दिव्या को निजी अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया। पूरी रात जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष चलता रहा, लेकिन शनिवार सुबह करीब 7 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर के बाद परिवार में मातम पसर गया।

#### तहसीलदार की मौजूदगी में हुआ पोस्टमार्टम

मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भेजा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार की उपस्थिति में चिकित्सकों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई, ताकि जांच में किसी प्रकार की कमी न रहे।आखिर ऐसा क्या हुआ? कारण अब भी रहस्य प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच किसी बड़े विवाद या घरेलू कलह की पुष्टि नहीं हुई है। यही वजह है कि दिव्या द्वारा इतना बड़ा कदम उठाने के पीछे की असली वजह अब भी रहस्य बनी हुई है। यह सवाल हर किसी के मन में है कि आखिर एक सफल बैंक अधिकारी ने ऐसा क्यों किया।

#### रीवा से पहुंचे मायके वाले, पुलिस दर्ज कर रही बयान

घटना की सूचना मिलते ही दिव्या के मायके पक्ष के लोग रीवा से गुना पहुंच गए। परिवार गहरे सदमे में है।

कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और परिजनों, पति तथा परिचितों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

## खुले सरियों से भरी ट्रॉली रोककर यातायात पुलिस ने दी समझाइश रेडियम टेप भी लगवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है। इसी क्रम में खुले सरियों से भरी ट्रॉली लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर चालक को रोककर आवश्यक समझाइश दी गई।

ट्रॉली में सरिये पीछे की ओर बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के बाहर निकले हुए थे, जिससे सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों और राहगीरों के लिए गंभीर हादसे की आशंका बनी हुई थी।यातायात पुलिस ने चालक को रोककर बताया कि इस तरह लापरवाही से सामान ले जाना न केवल उसके स्वयं के लिए खतरा है, बल्कि अन्य लोगों की जान भी जोखिम में डाल सकता है।

पुलिस ने समझाया कि एक छोटी सी असावधानी भी बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकती है।समझाइश के बाद चालक ने जिम्मेदारी दिखाते हुए सरियों को पीछे की ओर से उचित तरीके से ढकवाया, ताकि दुर्घटना की संभावना कम हो सके। साथ ही रात के समय ट्रॉली सड़क पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे, इसके लिए ट्रॉली पर रेडियम टेप भी लगवाया गया।यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे ओवरलोडिंग, खुले सामान और असुरक्षित परिवहन से बचें तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, ताकि स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान भी सुरक्षित रह सके।




## बारात में हर्ष फायरिंगः 48 घंटे में आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बंदूक जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले के कुम्भराज थाना क्षेत्र के ग्राम घाटाखेड़ी में बारात के दौरान हुई हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई थी, जबकि एक अन्य घायल हुआ था।पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के मार्गदर्शन में कुम्भराज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी और उनकी टीम ने यह सराहनीय कार्रवाई की।घटना 21 अप्रैल 2026 की है, जब राजगढ़ जिले के ग्राम खेड़ीगिदौर से आई बारात ग्राम घाटाखेड़ी पहुंची थी। द्वारचार के दौरान एक बाराती द्वारा बंदूक से हर्ष फायर किया गया, जिसकी गोली लगने से 30 वर्षीय घनश्याम मीना की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चंदन सिंह मीना को भी गोली छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गया।मामले में मृतक के भाई रामजीवन मीना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। लगातार पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर 23 अप्रैल की रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी सरवन पुत्र बाबूलाल मीना (35 वर्ष), निवासी ग्राम खेड़ीगिदौर, थाना मलावर, जिला राजगढ़ है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो नाल बंदूक भी जब्त की है।इस पूरी कार्रवाई में कुम्भराज थाना पुलिस की टीम के कई अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल मामले का शीघ्र खुलासा हुआ, बल्कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता भी सामने आई।



## एसपी कक्षों में जाकर छात्र-छात्राओं से किया संवाद, बोले- पारदर्शिता से संपन्न हो परीक्षा

# एमपीपीएससी परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने केंद्रों पर पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार, 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसपी हितिका वासल, एडीएम अखिलेश ने जिला मुख्यालय पर बनाए गए 5 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

दो सत्रों में होगी परीक्षा, संभागीय पर्यवेक्षक तैनात :आयोग के निर्देशानुसार यह परीक्षा ओएमआर पद्धति से दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र सुबह 10 से 12 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक रहेगा। ग्वालियर संभाग के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शेखर वर्मा को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, जो पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे।



#### कलेक्टर ने दिए जीरो टॉलरेंस के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने केंद्र प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, पेयजल की उपलब्धता और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि आयोजन पूरी तरह पारदर्शी और अनुशासित होना चाहिए, ताकि नकल या किसी अन्य अनियमितता की गुंजाइश न रहे।

#### छात्रों के बीच पहुंचे कलेक्टर बढ़ाया उत्साह

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केवल व्यवस्थाएं ही नहीं देखीं, बल्कि स्कूलों में चल रही कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से आत्मीय चर्चा भी की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई और भविष्य के लक्ष्यों को लेकर संवाद किया, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

## समाचार संक्षेप

### डोंगरा गांव में श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़


**आरोन।** तहसील के पनवाड़ी हाट के समीप स्थित ग्राम डोंगरा में परम पूज्य श्रीराम कल्याण दास जी महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में भव्य श्रीराम महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ जारी है। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।महायज्ञ के अंतर्गत



आयोजित श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर विद्वान कथावाचक पंडित रामदयाल शास्त्री ने अपनी भक्तिमय वाणी से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने राजा परीक्षित के जन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए धर्म, नीति और भक्ति का संदेश दिया। साथ ही सुखदेव भगवान के जन्म प्रसंग को भी अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।कथावाचक ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए कहा कि इसकी कथा श्रवण करने से जीवन में शांति, सद्बुद्धि और भगवान के प्रति अटूट प्रेम उत्पन्न होता है। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव से कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।पूरा ग्राम इस समय भक्तिमय वातावरण से सराबोर है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उत्तम व्यवस्थाएं की गई हैं। यज्ञाचार्य पंडित रामेश्वर जी महाराज के निर्देशन में यज्ञ संपन्न हो रहा है, वहीं संगीत में नितिन शर्मा, रामकुमार शर्मा, भरत शर्मा एवं नवदीप त्यागी अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं।

### ब्राह्मण समाज में बनी सहमति, विष्णुप्रसाद दुबे 3 माह और रहेंगे अध्यक्ष

**आरोन।** नगर में आयोजित ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विष्णुप्रसाद दुबे वर्ष 2023 से संभाल रहे अध्यक्ष पद पर आगामी तीन माह तक और बने रहेंगे। उनकी अध्यक्षता में सर्व ब्राह्मण धर्मशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, जिसे समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि और मील का पत्थर माना



जा रहा है। बैठक में पप्पू महाराज के आशीर्वाद से यह निर्णय लिया गया कि धर्मशाला का शेष निर्माण कार्य आगामी तीन महीनों में पूर्ण किया जाएगा। इसके बाद समाज द्वारा नए अध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से किया जाएगा।इस प्रस्ताव का समर्थन मूलचंद बौहरे ने किया, जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक में समाज के कई प्रमुख लोग शामिल रहे, जिनमें बृजेश शर्मा (पातालेश्वर), दिनेश शर्मा (सरपंच, मुकटखेड़ा), नरेंद्र शर्मा, अरविंद शर्मा (रूसिया), कमलेश दुबे, राजेश दुबे, अवनीश दुबे, जगदीश दुबे, ओमप्रकाश दुबे, भोलाराम शर्मा, राम भरोसा शर्मा और दरोगा जी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।समाज के सदस्यों ने इसे एक महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए कहा कि इससे न केवल अधूरे कार्य समय पर पूरे होंगे, बल्कि संगठन में एकजुटता भी बनी रहेगी।

### चक अमला में संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं में उत्साह

**चांचौड़ा।** ग्राम चक अमला में श्री श्री 108 महंत राघव दास जी महाराज एवं गुरु महाराज की प्रेरणा से स्वर्गीय पटेल बद्री लाल मीना की स्मृति में स्थानीय बालाजी मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीराम कथा एवं श्री शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पूरे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है।गुरुवार को प्रायश्चित विधान, जल यात्रा और मंडप प्रवेश के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक श्याम जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि रामचरित मानस का श्रवण मनुष्य जीवन का बड़ा सौभाग्य है। सास-बहू, पिता-पुत्र और भाई-भाई के बीच बढ़ती दूरियों को राम कथा के माध्यम से कम किया जा सकता है। उन्होंने घर-घर में नियमित रामायण पाठ और पूजन करने की भी अपील की, जिससे प्रेम, आदर्श और संस्कारों का विकास हो सके। कथा में विशेष रूप से युवाओं को रामचरितमानस से जुड़ने का संदेश दिया गया। आयोजन समिति के कन्हैयालाल, हरि सिंह, नारायण सिंह, अमर सिंह एवं सरवन कुमार ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में कथा का श्रवण की आग्रह किया है।

# भगवान परशुराम मंदिर की मनाई तीसरी वर्षगांठ






हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

विप्र उत्थान समिति गुना द्वारा नजूल कालोनी में स्थित विप्र धर्मशाला में भगवान परशुराम मंदिर की तीसरी वर्षगांठ बडे उत्साह पूर्वक मनाया गया।

सबसे पहले भगवान परशुराम जी की सभी समाज बंधुओं ने पूजन किया इसके बाद हवन हुआ जिसमें श्रीमती शैल कुमारी डाक्टर सुरेन्द्र भार्गव, श्रीमती पूजा संदीप शर्मा, इन्द्र कुमार,राजकमल शर्मा, अवधेश शर्मा ने सहभागिता की, मन्त्रों का उच्चारण पं गणेश प्रसाद भार्गव ने किया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता डाक्टर ओमप्रकाश त्रिपाठी, मुख्य अतिथि अवधेश शर्मा अध्यक्ष विप्र उत्थान समिति, तथा विशेष अतिथि के रूप में पंडित लखन शास्त्री उपस्थित रहे।

मंच संचालन अनिल भार्गव सांवरिया ने किया।विचार गोष्ठी में धर्मशाला में प्लास्टिक के डिस्पोजल पर प्रतिबंध लगाने पर सभी समाज बंधुओं ने अपनी सहमति व्यक्त की वहीं इन्द्र कुमार भार्गव मंझोला वालों ने समाज को 108थालियों का सेट देने की घोषणा की वहीं मृदुल शर्मा ने 100 कुर्सियां तथा पानी पीने हेतु वाटर कूलर देने की घोषणा की। भुजरिया तालाब के संत राघवेन्द्र दास जी ने अगले माह होने जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन में उपस्थित होने का सभी समाज बंधुओं से अनुरोध किया।इस अवसर पर विप्र उत्थान महिला समिति ने 4100/-, रामेश्वर शर्मा ने 5100/- श्रीमती उर्मिला उमाशंकर भार्गव शास्त्री पार्क ने 5100/-पंडित विवेक शर्मा सकतपुर वालों ने 5100/-तथा इसी प्रकार अन्य समाज बंधुओं ने भी मुक्त हस्त से सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेमनारायण राठौर, बाबूलाल शर्मा अभिभाषक, देवेन्द्र उपाध्याय, आलोक नायक, हरिओम भार्गव, प्रभाकर भार्गव, राम जीवन भार्गव, सुरेन्द्र वशिष्ठ, कृष्ण गोपाल भार्गव,कुम्भराज से डाक्टर गोविंद नारायण शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, बृजमोहन शर्मा, सुशील कुमार पाठक,राधेश्याम शर्मा,शशि भार्गव,नीरज अवस्थी, अमित शर्मा, कृपाशंकर शर्मा, पंडित तेज नारायण भार्गव, अमित शर्मा राजेश शर्मा, मनोज तिवारी,, गीता स्वाध्याय मंडल से अंकित पाण्डेय, मनोज शर्मा प्रचार प्रमुख, धर्मवीर सिंह, उमाशंकर भार्गवसुरेश कौशल सहित समाज के की गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वहीं डॉ ओमप्रकाश त्रिपाठी,लखन शास्त्री, संजय तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, सुरेश कौशल ने भी समाज में चेतना एवं जागृति पैदा करने वाला उद्बोधन दिया। इस दौरान सहभोज में अधिकतम योगदान डाक्टर सुरेन्द्र भार्गव ने दिया।

# जिला पंचायत सीईओ दुबे ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे ने जनपद पंचायत राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत देहरी के ग्राम गोरा एवं तिनस्या में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत में निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।इसके साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण कर जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए श्रमिकों की उपस्थिति, कार्य गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ग्राम पंचायत देहरी के मजरा तिन्स्या में बंद पड़े.हैण्डपंप को ठीक कराने हेतु कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गुना को निर्देशित किया, जिससे ग्राम में पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से शुरू किया जा सके।इसके उपरांत सीईओ जिला पंचायत श्री दुबे द्वारा गोपीकृष्ण सागर डेम पर जीविका मिशन द्वारा संचालित कैंटीन का निरीक्षण किया गया। जहां स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आय बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में नल-जल योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का भी जायजा लिया गया एवं ग्रामीणों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने खेत तालाब का भी निरीक्षण।इस अवसर पर जिला पंचायत गुना से श्री शिवम दीक्षित प्रभारी अधिकारी प्रधानमंत्री आवास, महेश शुक्ला परियोजना अधिकारी वाटरशेड, नरेश श्रीवास्तव जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, सतीश सैनी जिला प्रबंधक आरजीएसए, अभिलाषा कोकाट सहायक परियोजना अधिकारी सहित जनपद पंचायत राघौगढ़ गौरीशंकर राजपूत, सहायक यंत्री रघुराज सिंह परिहार, पंचायत इंस्पेक्टर रामेश्वर सिंह मीना, उपयंत्री सचिन निगम तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं जीआरएस उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे द्वारा आज जनपद पंचायत राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत देहरी, गोरा एवं तिनस्या में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माणाधीन एवं अपूर्ण आवासों का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में आवास अपूर्ण पाए जाने पर सीईओ श्री दुबे ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली इस योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में पूर्ण कराया जाए, अन्यथा संबंधितों के विश्री रुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला पंचायत सीईओ श्री दुबे ने हितग्राहियों से भी चर्चा कर निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं की जानकारी ली गई तथा उन्हें शीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया।

इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान मनरेगा एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा कार्यों में गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर शिवम दीक्षित प्रभारी अधिकारी प्रधानमंत्री आवास जिला पंचायत गुना, सीईओ जनपद पंचायत राघौगढ़ गौरीशंकर राजपूत, सहायक यंत्री रघुराज सिंह परिहार, पंचायत इंस्पेक्टर रामेश्वर सिंह मीना, उपयंत्री सचिन निगम तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं जीआरएस उपस्थित रहे।

# गुना में मेधावी छात्रों का सम्मान, नितिन ने 10वीं में प्रदेश में पांचवां स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 06 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं परीक्षा में एस एल मेमोरियल स्कूल के छात्र नितिन जाट (पुत्र विश्ववीर सिंह जाट) ने 495 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल कर जिला एवं स्कूल का नाम रोशन करते हुए हमे गौरवांवित किया। इस गौरवमई उपलब्धि के लिए संस्था एस एल मेमोरियल की प्राचार्य एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र को शुभकनाएं दी।

# हड्डियों की जांच के लिए रोटरी रॉयल का विशेष शिविर: भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने किया शुभारंभ, 100 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सामाजिक सेवा में अग्रणी रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के सहयोग से शनिवार को निःशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी टेस्ट) शिविर का सफल आयोजन किया गया। हाट रोड स्थित उमरी कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने अपनी हड्डियों की मजबूती और कैल्शियम की स्थिति की जांच कराई। यह शिविर श्रीमती मीना श्रीवास्तव की स्मृति में आयोजित किया गया।शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने दीप प्रज्वलन कर किया। क्लब अध्यक्ष सौरभ जैन ने सभी अतिथियों और चिकित्सकों का स्वागत किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक पीके गुप्ता, हरीश भार्गव और वसुंधरा भार्गव ने अपनी सेवाएं देते हुए मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) से बचाव के परामर्श दिए।कार्यक्रम में मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के सेल्स मैनेजर श्री अम्भरीस साहू, सुधीर जैन और रेडक्रॉस सदस्य चंद्रेश जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव सहित रोटरी क्लब के सदस्य अभिजीत गोयल, उत्कर्ष सराफ, अंकुर दुसांज, रितेश जैन, सोनू पाटनी, सुयश देव, निखिल जैन और नवीन शुक्ला ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में सचिव जितेंद्र वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# ईसागढ़ में जन अभियान परिषद और नवांकुर संस्था ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

शनिवार को ईसागढ़ ब्लॉक के ग्राम 'पिपरौदा बुजुर्ग' में 'मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद' के मार्गदर्शन में 'नवांकुर संस्था जनजागृति समिति ईसागढ़' द्वारा सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जल संरक्षण का महत्व समझा

जल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण पर जोर' बढ़ती गर्मी और जल संकट की गंभीरता को देखते हुए, समिति के सदस्यों ने जल स्त्रोतों के आस-पास सफाई की और जल संग्रहण की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से श्रमदान किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जल के महत्व के प्रति जागरूक करना और पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना है। समिति के




सदस्यों की सक्रिय सहभागिता' इस पुनीत कार्य में नवांकुर संस्था जनजागृति समिति के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ पसीना बहाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

## ज्ञान भारतम एप पर हस्तलिखित पांडुलिपियां अपलोड की गई

**अशोकनगर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं आयुक्त पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय निदेशालय भोपाल के निर्देश पालनकम मे ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि मिशन के अंतर्गत पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत अशोकनगर जिले मे जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। जिसमें इतिहास के जानकार, प्राध्यापकों एवं अन्य नागरिकों को सम्मलित किया गया। समिति की बैठक 23 अप्रैल को कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत जिले के अंदर स्थित निजी शोध संस्थान, महाविद्यालय, ग्रंथालय मंदिरों, मठ/आश्रम प्राइवेट ट्रस्ट इत्यादि मे संरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की खोज कर ज्ञान भारत एप द्वारा जानकारी अपलोडिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अशोकनगर जिले मे तहसील मुंगावली अंतर्गत तरण-तारण जैन ट्रस्ट निसई, मल्हारगढ़ मंदिर से पाण्डुलिपियां प्राप्त हुई हैं, जिन्हे ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड किया जा रहा है एवं जिनालय चंदेरी मे भी हस्तलिखित पाण्डुलिपियां मिली है, जिन्हे ज्ञान भारतम एप पर अपलोड किया जा रहा है। जिले के नागरिकों से अपील की जाती है कि यदि उनके पास भी पाण्डुलिपियों से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य उपलब्ध है तो वह भी स्वंय ज्ञान भारतम ऐप पर अपनी जानकारी अपलोड कर सकते हैं। समस्त नागरिकों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह ज्ञान भारतम ऐप के माध्यम से भारत के इतिहास को संरक्षित रखने मे अपना योगदान प्रदान करेंगों।

# युवा संगम में 53 से अधिक युवाओं का पंजीयन

**स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों को रुपए 2 लाख 50 हजार का हितलाभ वितरण**


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।



कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 05 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया,इस दौरान कुल 53 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 15 आकांक्षी युवाओं ऑफर लेटर प्रदान किया गया ।युवा संगम में प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति स्वरोजगार योजना के हितग्राहियो को रूपये 2 लाख 50 हजार का किया गया हितलाभ वितरण कार्यक्रम में शासन के जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति स्वरोजगार योजना के हितग्राहियो को 2 लाख 50 हज़ार का हितलाभ दिया गया।

# मरना पसंद करना मगर अभिषेक करना कभी मत छोड़ना : मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

शनिवार को नगर में विराजमान पूज्य मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज संसघ के द्वारा संत निवास पर नगर के समस्त पुजारियों द्वारा सामूहिक रूप से प्रभु का अभिषेक,ओर शांतिधारा की गई जिसके बाद मुनि श्री ने सभी श्रद्धालुओं को अपने हाथों से गंधोदक लगाया,इस आयोजन में बड़ी संख्या में पुजारी पहुंचें।

इस अवसर मुनि श्री ने सभी श्रद्धालुओं को अभिषेक, शांतिधारा के लाभ और हानि के बारे में बताया गया मुनि श्री ने कहा कि आपको मनुष्य पर्याय मिली है, जानते हो कितना पुण्य अर्जित किया होगा तब जाकर आपको जैन कुल मिला। उसमें भी पूरे भारत में बुंदेलखंड मिला जहां प्राचीन शब्दता आज भी मानी जाती है। आप लोगों को पता नहीं है,अभिषेक की महिमा एक बार महिला को गन्दोधक नहीं मिला तो वह मरने के लिए तैयार हो गई यह होती है भगवान के प्रति श्रद्धा, अभिषेक, मौत में एक चुनना पड़े तो मौत को चुन लेना मगर भगवान के अभिषेक को मत छोड़ना महाराज श्री ने कहा कि में बहुत करुणा और दया करके कह रहा है 100 मुनि राजो का आशीर्वाद वो काम नहीं करेगा जो एक बार अभिषेक करने से होगा,कितना ही बड़ा संकट आ जाए उसे कोई दूर कर सकता है तो वो है गंधोदक।

# जिला पंचायत में सीएससी, वीएलई की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न, किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला पंचायत सभागार में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाओं की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं को बेहतर बनाना और नागरिकों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना था। कार्यक्रम में जिले के सीएससी केंद्र संचालकों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सी एस सी की प्रमुख सर्विसेज एवं शासकीय योजनाओं पर दिया गया प्रशिक्षणः कार्यशाला में सीएससी राज्य कार्यालय से आए राज्य परियोजना प्रबंधक संजय नगरिया ने सीएससी के माध्यम से दी जाने वाली विभिन्न डिजिटल सेवाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही जिला प्रबंधक संतोष लाक्षकार ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की बारीकियों से अवगत कराया इस योजना 18 से 40 वर्ष के असंगठित श्रमिकों के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, जिसके तहत 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 रुपये मासिक पेंशन का प्रावधान है। इस योजना में




पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता और ई-श्रम कार्ड अनिवार्य है।

राज्य कार्यालय से पधारे अधिकारी आशीष द्विवेदी ने टेली लॉ सर्विस के माध्यम से कैसे ग्रामीण जन घर बैठकर ऑनलाइन कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते है इसके बारे मे जानकरी दी एवं सी एस सी चैनल पार्टनर कंपनी के अधिकारी जन ने भी जीवन बीमा, लोन प्रोडक्ट के की जानकारी एवं उनका हमारे जीवन मे क्या लाभ है बारे में बताया। जिला प्रबंधक संतोष लाक्षकार एवं सहयोगी जिला प्रबंधक सनत बोहरे ने आयुष्मान कार्ड, समग्र ई-केवाईसी, बैंकिंग, बीमा, डिजिपे, लोक सेवा और पैन कार्ड जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की तकनीकी जानकारी साझा की।

अच्छा कार्य करने वाले सी एस सी वी एल ई का एवं अटल ई-सेवा केंद्र वी एल का जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन द्वारा केंद्र संचालकों को नागरिकों को पारदर्शी और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया एवं उनके अच्छे कार्य प्रदर्शन के लिये प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वीएलई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

# जिला जेल अशोकनगर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर के तत्वावधान में शनिवार को जिला जेल अशोकनगर में एक स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी एवं न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गोंड, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय से आए अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने सहभागिता की, जिनमें पूर्व सिविल सर्जन डॉ. भार्गव, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज शुक्ला, नाक-कान-गला (ईएनटी) विशेषज्ञ डॉ. बी. एल. टैगोर, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ.राम मोहन गुर्जर, डॉ. मनीष एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. संदीप भल्ला सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। शिविर के दौरान लगभग 50 बंदियों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच कर परामर्श एवं उपचार दिया। बंदियों को स्वच्छता, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने धर्मवीर

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा जिला



अध्यक्ष आलोक तिवारी की अनुशंसा पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा भाजपा किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष धर्मवीर रघुवंशी को नियुक्त किया गया है। रघुवंशी की नियुक्ति पर जिले भर के कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें बधाई देते हुए, संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने की अपेक्षा जताई है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौर थाना रन्नौद जिला शिवपुरी निवासी विक्की शिवहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू, विशाल और आनंद अहिरवार व अन्य दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला जेल के पास निवासी ओमप्रकाश चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लाखन चंदेल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुरायला निवासी कृष्णा जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विवेक अहिरवार, कुंजावति अहिरवार ने जो उसके जेठ जेठानी हैं उन्होनें उसके पति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रेलवे ट्रेक पर अज्ञात युवक का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत रेल पटवारी ग्राम बरखेडा के समीप पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। पिपरई स्टेशन के कर्मचारी सीताराम राय द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव बरामद कर उसकी पहचान के प्रयास किए जा रह हैं।

### अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत इमली चैराहे मुंगावली के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मृत अवस्था में मिला है। जिसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

अवैध शराब के कईं मामले दर्ज
अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चन्देरी थाने की पुलिस ने गोधन निवासी रज्जू चैहान के पास से 20 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कचनार पुलिस ने हरचन्द बंजारा के पास से 2 लीटर और सिरसौदा निवासी शिवराम परिहार के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## जिला मुख्यालय पर राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा 3 केन्द्रों पर होगी

# अशोकनगर जिले में 1170 परीक्षार्थी शामिल होंगे, 90 मिनट पहले मिलेगा केंद्र में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश राज्य सेवा व राज्य वन सेवा परीक्षा रविवार को अशोकनगर जिला मुख्यालय के तीन केन्द्रों पर आयोजित होगी। जिसमें 1170 परीक्षार्थी शामिल होगें, इस परीक्षा के लिए 3 केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें शासकीय मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल शंकरपुर टोरिया, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय और शासकीय नेहरू महाविद्यालय शामिल हैं।







### यह परीक्षा ओएमआर पद्धति से दो सत्रों में होगी

संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने बताया कि इन तीनों केन्द्रों पर शामिल होने वाले कुल 1170 परीक्षार्थियों में मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 500 परीक्षार्थी, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पर 250 परीक्षार्थी और शासकीय नेहरू महाविद्यालय पर 420 परीक्षार्थी शामिल होगें। आयोग द्वारा ओएमआर पद्धति से प्रातः 10 से 12 एवं दोपहर 02.15 से 04.15 बजे तक, दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा निर्विघ्न, सुव्यवस्थित एवं शुचिता पूर्ण सम्पन्न हो, इस हेतु आपके संभाग एवं जिला मुख्यालयों पर उक्त परीक्षा हेतु नवीन प्रकिया के संबंध में निर्देश जारी किये गये है।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जाँच प्रक्रिया (बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्केनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी) प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत परीक्षार्थियों को निम्न प्रक्रिया का पालन करना है। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को अनिवार्यतः 90 मिनिट पूर्व पहुँचना होगा। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जाँच की जाएगी।

परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार के समीप अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की जानकारी चस्पा होगी, जिसका पूर्णतः पालन किया जाना होगा। परीक्षार्थियों की एचएचएमडी के माध्यम से दोनो सत्रों में जाँच की जाएगी, जिसमें पुरूष परीक्षार्थियों की जाँच पुरूष वीक्षकों द्वारा एवं महिला परीक्षार्थियों की जाँच महिला वीक्षक द्वारा की जाएगी। ट्रांसजेण्डर अभ्यर्थियों के पास विकल्प होगा कि वह अपनी फिरिंकग महिला अथवा पुरूष कर्मचारी से करवाना चाहते हैं।

### जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया और कर्मचारी तैनात किए गए

कंट्रोल रूम में विभिन्न कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है, जो परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी एवं समन्वय का कार्य करेंगे।कंट्रोल रूम में नियुक्त कर्मचारियों में नरेन्द्र श्रीवास्तव (स्थाई कर्मी) को प्रभारी बनाया गया है। इनके मार्गदर्शन में पूर्णिमानन्द व्यास, गौरव दुबे, पंकज शर्मा, शिवम शर्मा, अक्ष्य प्रभाकर (सभी सहायक ग्रेड-03), अरूण प्रताप सिंह जादौन एवं नासिर खान (कम्प्यूटर ऑपरेटर) तथा विजय वालू और कमलेश रजक (भृत्य) की डयूटी लगाई गई है। उक्त कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07543-225501 रहेगा, जिस पर परीक्षा से संबंधित जानकारी एवं सहायता प्राप्त की जा सकेगी। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान फिस्किंग एवं बायोमेट्रिक पहचान की नवीन प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

#### परीक्षा में अनुमति एवं प्रतिबंधित वस्तुएं

परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को ई-प्रवेश पत्र, वैध फोटो पहचान पत्र, निर्धारित स्याही का पेन, स्वयं का फोटो, पारदर्शी पानी की बोतल एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सामग्री लाने की अनुमति होगी। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार की स्टेशनरी सामग्री जैसे पेंसिल, रबर, स्केल, बैग, पुस्तक, कागज, आईटी गैजेट्स एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, डिजिटल घड़ी, हेडफोन, ब्लूटूथ आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। इसके अतिरिक्त चाबी, पर्स, बेल्ट, धूप का चश्मा, पर्स/वॉलेट, टोपी, ताबीज, आभूषण एवं अन्य कीमती सामान लाना वर्जित रहेगा।

#### अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

सामान्यतः परीक्षाओं में ऐसा पाया गया है कि परीक्षार्थी अपने कपड़ों, कफलिंक, धूप का चश्मा, इलेक्ट्रॉनिक/सेंसर युक्त चश्में, जूते-मोजे, हाथ के बैंड इत्यादि में नाना प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग करते है। परीक्षा में किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ट्रैक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में पेंसिल, रबर व व्हाईटनर एवं एसेसरीज जैसेः- बालों को बांधने का क्लचर,बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक,चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, वॉलेट, टोपी, वर्जित है। हिजाब, पगड़ी, पल्ला, हाथ में बंधे धागे,बंधन व ताबीज़ का सम्मानपूर्वक सूक्ष्मता से परीक्षण किया जाएगा। हिजाब, पगड़ी, पल्ला, हाथ में बंधे धागे, बंधन (कलावा) व ताबीज तथा अन्य धार्मिक मान्यता की वस्तुओं का सूक्ष्मता से परीक्षण किया जाएगा।

## थाना कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी खातों एवं साइबर धोखाधड़ी के 2 सदस्य सहत 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी अशाोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत फर्जी बैंक खाते खोलकर धोखाधड़ी करने वाले एक संगठित गिरोह के विरुद्ध कार्यवाही कर अंतर्राज्यीय गिरोह के 02 सदस्य सहित 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि 7 अप्रेल को आवेदक रौनक पुत्र कन्हैयालाल यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी तार वाले बालाजी मंदिर के पास, अशोकनगर की रिपोर्ट पर आरोपी करन अहिरवार निवासी भौराकाछी, सुयाश सिंघई निवासी दुबे कॉलोनी, अशोकनगर, जितेन्द्र पुरी निवासी विंध्याचल कॉलोनी, गुना एवं प्रवल प्रताप सिंह तोमर निवासी गुना द्वारा आवेदक सहित अन्य व्यक्तियों के दस्तावेज प्राप्त कर बिना वैधानिक प्रक्रिया के बैंक खाते खोले जाने की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली अशोकनगर में अपराध क्रमांक 247/2026 धारा 318(4), 316(5) बीएनएस एवं 66(सी) आईटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी करन अहिरवार, सुयाश सिंघई, जितेन्द्र पुरी एवं प्रवल प्रताप सिंह तोमर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किए गए। प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर (लाखों से करोड़ों रुपये तक) वित्तीय लेन-देन होना संभावित पाया गया था।

उक्त गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्यों की पहचान की गई। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.04.2026 को उन्नाव (उ.प्र.) में दबिश देकर आरोपी अमित पुत्र रामविलास पासी, उम्र 27 वर्ष, निवासी गांधी नगर, उन्नाव (उ.प्र.) एवं विजयकांत पुत्र समर बहादुर परिहार, उम्र 31 वर्ष, निवासी मॉडर्न बिहार कॉलोनी, उन्नाव (उ.प्र.) को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन आदि जप्त किए गए। वे अन्य आरोपियों को जियो पेमेंट बैंक के खातों हेतु आईडी, पासवर्ड एवं ओटीपी उपलब्ध कराते थे।

## बच्चों के वजन में गड़बड़ी पर संयुक्त संचालक ने जारी कराए नोटिस आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

23 अप्रेल को महिला एवं बाल विकास विभाग ग्वालियर के संयुक्त संचालक द्वारा परियोजना ईसागढ़ अंतर्गत सेक्टर नईसराय के आंगनबाड़ी केंद्र नईसराय-1 एवं नईसराय-2 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

वर्तमान में चल रहे 10 दिवसीय वजन अभियान एवं पोषण पखवाड़ा के तहत बच्चों का नियमित रूप से वजन लिया जाना है। इसी क्रम में संयुक्त संचालक द्वारा मौके पर बच्चों को बुलाकर



उनके सामने ही वजन कराया गया और पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज वजन से उसका मिलान किया गया। जांच के दौरान बच्चों के वास्तविक वजन और ऐप में दर्ज वजन में अंतर पाया गया, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया। इस संबंध में संयुक्त संचालक ने परियोजना अधिकारी ईसागढ़ को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्र नईसराय-1 की कार्यकर्ता सरस्वती तिवारी एवं नईसराय-2 की कार्यकर्ता प्रयाग जाटव को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। साथ ही निर्देश दिए गए कि 10 बच्चों का सही वजन लेकर उसकी सूची परियोजना कार्यालय में तत्काल भेजी जाए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े, परियोजना अधिकारी दीपा छिरोलिया एवं सेक्टर पर्यवेक्षक रानीपाल भी उपस्थित रहीं। आंगनबाड़ी व्यवस्थाओं में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।

## महिला बाल विकास विभाग संयुक्त संचालक ने अशोकनगर में आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक ग्वालियर संभाग सीमा शर्मा ने ईसागढ़ एवं अशोकनगर ग्रामीण के आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने नईसराय क्षेत्र के चार आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंनें बच्चों के वजन मापन का क्रॉस चेक किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में बच्चों के वजन ऊंचाई में अंतर पाया गया जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए सेक्टर सुपरवाइजर रानी पाल को समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर क्रॉस चेक किस प्रकार करना है उसकी समझाइश दी गई। उन्होंने क्षेत्र की तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण




कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। बरखेड़ा गौड क्षेत्र में मुंडरा नई आंगनबाड़ी केंद्र पर व्यवस्थाएं ठीक पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र इसी प्रकार संचालित होना चाहिए।

उसके पश्चात वन स्टॉप सेंटर का भ्रमण कर शेष बची शिकायतों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश वन स्टॉप केंद्र प्रभारी विमलेश रघुवंशी को दिए। उन्होंने आश्रय लेने वाली बालिकाओं से चर्चा की और उन बालिकाओं को आगे पढ़ाई करने एवं अच्छा जीवन व्यतीत करने की समझाइश दी। सीमा शर्मा ने 39 बिंदुओं पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी सेक्टर सुपरवाइजर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के प्रगति की समीक्षा की। परियोजना मुंगावली एवं ईसागढ़ में कम काम प्रगति पाए जाने पर असंतोष व्यक्ति किया एवं सेक्टर सुपरवाइजर को 15 दिन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। परियोजना अधिकारी को कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए संयुक्त संचालक द्वारा शिशु गृह का भ्रमण कर उपस्थित दो बालकों के रिकॉर्ड की जांच की गयी। उपस्थिति पंजी की समीक्षा की एवं भवन में आवश्यक सफाई एवं सुरक्षा रखने के निर्देश प्रबंधक शिशु गृह संचालक को दिए गए।

## शनिवार को तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ग्रीष्म काल का यह मौसम अब पूरे शबाब पर है, शनिवार को अशोकनगर जिला अब तक के मौसम में सर्वाधिक गर्म रहा। पूरे दिन रह रहकर गर्म हवाएं चलती रहीं, जिले का तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है जो इस मौसम का सबसे अधिक तापमान है।

ग्रीष्म काल के इस मौसम में अब गर्मी और जोर पकड़ रही है, सुबह से सूरज की तीखी तपन के साथ शनिवार के दिन की शुरूआत हुई, पूरे दिन लोग गर्म हवाओं के थपेड़ों से स्वयं को बचाते रहे। ग्रीष्म काल के दिनों में गर्मी की यह शुरूआत सर्वाधिक तापमान के साथ हुई है,




हालांकि पिछले एक सप्ताह से जिले के मौसम 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा था लेकिन शनिवार सबसे गर्म दिनों के रूप में दर्ज किया गया। गर्मी की अधिकता के कारण लोग अपने घरों से निकलने में परहेज कर रहे हैं। दिन में बाजार सुनसान हो रहे हैं, लेकिन शाम 6 बजे के बाद रात 9 बजे तक बाजारों में रौनक देखी जा रही है। गर्मी से बचाव के लिए अगर राह चलते लोगों को ठण्डा पानी मिल जाए तो उनका कहना ही क्या है, इसीलिए शहर में समाज सेवी संस्थाओं द्वारा चल प्याऊ और स्थायी प्याऊ लगाई गईं हैं। ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग यहां मटकों में भरे पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ग्रीष्म काल के आने वाले दिन इस मौसम को देखते हुए और भी गर्मी भरे हो सकते हैं, इस बात की संभावनाएं मौसम के तीखी तेवर को देखते हुए लगता है।

## पति से तंग महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया, देवर ने भाभी को बचाया, भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में फांसी लगाकर खुदकुशी करने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, घरेलु हिंसा के मामले सामने आ रहे हैं। एक ऐसे ही प्रकरण में एक महिला ने अपने पति की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की लेकिन देवर ने ऐसा करते हुए भाभी को देख लिया और समय पर भाभी को बचा लिया गया। अब महिला का उपचार जिला



अस्पताल में चल रहा है।

घटना छैवलाई धुर्रा गांव की है, यहां महिला अरूणा का अपने पति विवेक जाटव से घरेलु विवाद चल रहा था, जिससे तंग आकर महिला अरूणा उम्र 25 साल ने अपने ही घर में शर्ट को फांसी का फंदा बनाया और आत्म हत्या करने का प्रयास किया,जब देवर ने यह देखा तो उसने मकान के ऊपर से छप्पर हटाया और हसिए से फंदा काट दिया, जिसके बाद परिवार जन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहंचे जहां महिला का उपचार जारी है। महिला का आरोप है कि उसका पति उसके चरित्र पर शंका करता है जिससे मारपीट की जाती है, इनके बीच विवाद की शुरूआत मजदूरी के लिए इन्दौर जाने के साथ हुई।

## यज्ञ में भाग लेना जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्यः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी के निकट जारसल चक्क सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम में चल रहे हैं नव कुंडी यज्ञ के छठवें दिन अशोकनगर के विधायक हरिबाबू राय सम्मिलित हुए और यज्ञ की परिक्रमा की उन्होंने कहा यज्ञ में सम्मिलित होना हमारे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है।

राजनीति तभी सफल हो सकती है जब हम धर्म से जुड़े रहेंगे धर्म के बिना राजनीति में कभी सफलता नहीं मिल सकती रामायण में तुलसीदास जी ने यही कहा है राजनीति बिनु धन बिनु धर्मा। विधायक के यज्ञ में पहुंचने पर यज्ञ के संरक्षक जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने श्री फल दिया एवं हाथ में कलावा बांधकर उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया एवं यज्ञ कर्ता महंत भरत दास जी ने राम नामी दुपट्टा उड़ा कर सम्मानित किया। सायं के समय कथावाचक जगतगुरु देवमुरारी बापू ने श्री राम कथा के माध्यम से पार्वती जी के जन्म की कथा को श्रवण कराया पार्वती बेटी के रूप में हिमालय पर जन्म ली



जिससे हिमालय पर चारों तरफ सुंदर वातावरण उत्पन्न हुआ एवं रिद्धि सिद्धि जाकर हिमालय पर वास करने लगी इससे समाज को यह शिक्षा मिलती है की बेटी पिता और माता के कंधों पर बोझ नहीं होती बल्कि उसके आने से घर में लक्ष्मी और सुख संपत्ति का वास होता है पर इस कलयुग में उल्टा समझा जाता है बेटी के जन्म होने पर माता-पिता उदास हो जाते हैं और पुत्र के जन्म होने पर थाली बजाकर मिठाई बांटी जाती है और ढोल नगाड़े बजवाए जाते हैं राम कथा यही सिखाती है कि कुरीतियों को दूर कर पूर्वजों के सुंदर आदर्श चरित्र को अपनाऐं तब जीवन में खुशहाली होगी बेटी घर में जन्म लेती है।

## सीता नवमी पर माता जानकी का विशेष श्रृंगार कर भक्तों ने 56 भोग अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर में स्थित प्रसिद्ध करीला धाम में शनिवार का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। अवसर था सीता नवमी का, जिसे इस बार न केवल धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया, बल्कि इसे जानकी धाम और राम धाम के मिलन का एक भावुक क्षण भी बना दिया गया।

करीला धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव और पूर्व सांसद डॉ.केपी यादव की उपस्थिति में माँ जानकी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें 56 भोग अर्पित किए गए। लेकिन इस बार का आयोजन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहा, यहां से एक ऐसी यात्रा शुरू हुई है जो सीधे अयोध्या में प्रभु श्रीराम के चरणों तक पहुंचेगी।

### अयोध्या जाएंगे जानकी धाम के कण और जल

सीता नवमी को ऐतिहासिक बनाने के लिए करीला धाम की पवित्र मिट्टी (रज) और जल को कलशों में संजोया गया है। पवित्र जल को



धाम की एक अत्यंत प्राचीन बावड़ी से जल भरा गया है। एवं पवित्र रज (मिट्टी) जानकी मंदिर के पीछे स्थित प्राचीन चम्पा वृक्ष के पास से मिट्टी ली गई है, जिसे माँ जानकी के चरणों की धूल माना जाता है। इन दोनों कलशों को आगामी 29 अप्रैल को श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या ले जाया जाएगा, जहां भगवान श्री राम को जानकी धाम का यह स्नेह भेंट स्वरूप अर्पित किया जाएगा। पूर्व सांसद डॉ.केपी यादव ने इस अवसर पर भावुक होते हुए कहा कि यह उनके और पूरे जिले के लिए परम गौरव का विषय है। उन्होंने बताया जब अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि का आंदोलन और शिलान्यास हुआ था, तब हमारे जिले के तमाम कारसेवक उस पुनीत कार्य के लिए अयोध्या गए थे। अब यह सौभाग्य की बात है कि हम उन्हीं कारसेवकों के साथ मिलकर माँ जानकी के चरणों की धूल और जल लेकर अयोध्या में प्रभु श्री राम को अर्पित करेंगे।

### भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम

करीला धाम, जिसे लव-कुश की जन्मस्थली माना जाता है, वहां से अयोध्या (श्री राम की नगरी) तक यह भेंट ले जाना करोड़ों भक्तों की आस्था का प्रतीक है। सीता नवमी पर हुए इस आयोजन ने यह संदेश दिया है कि मिथिला की बेटी और अयोध्या की बहू, माँ जानकी का आशीर्वाद अब सीधे राघवेंद्र के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा।

## ईश्वर की अपने स्वाभाविक कर्मों द्वारा पूजा करके मनुष्य परम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को सिद्ध स्थल आमखोह (सूरैल) में श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर के मंडल हैदर द्वारा आयोजित 108 सुंदरकांड सामूहिक वाचन एवं गीता जी के 18वे अध्याय मोक्षसंन्यासयोग का स्वाध्याय किया गया।

इस अध्याय में श्लोक 52 व 53 में भगवान श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा कि नियमित भोजन करने वाला, शब्दादि विषयों का त्याग करके एकांत और शुद्ध देश का सेवन करने वाला, सात्त्विक धारण शक्ति के द्वारा अंतःकरण और इंद्रियों का संयम करके मन, वाणी और शरीर को वश में कर लेने वाला, राग-द्वेष को सर्वथा नष्ट करके भलीभाँति दृढ़ वैराग्य का आश्रय लेने वाला तथा अहंकार, बल, घमंड, काम, क्रोध और परिग्रह का त्याग करके निरंतर ध्यान योग के परायण रहने वाला, ममतारहित और



शांतियुक्त पुरुष सच्चिदानन्दघन ब्रह्म में अभिन्नभाव से स्थित होने का पात्र होता है।

अध्याय 18 श्लोक 46 में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं हे अर्जुन! जिस परमेश्वर से संपूर्ण प्राणियों की उत्पत्ति हुई है और जिससे यह सारा संसार व्याप्त (व्याप्त) है, उस ईश्वर की अपने स्वाभाविक कर्मों (कर्तव्यों) द्वारा पूजा करके मनुष्य परम सिद्धि (परमेश्वर की प्राप्ति) को प्राप्त करता है। यह श्लोक बताता है कि कर्मयोग ही सिद्धि का मार्ग है। आनंद ग्राम रांवसर, ग्राम हैदर, डोंगर, गरोंली, बिजोरी, पिपरेसरा,सहोदरी, सूरैल, जारोली, खिरका टांका, अशोकनगर, छपराई आदि के लोग मौजूद थे।

## सूचना मिलने पर प्रशासन व पुलिस की कार्रवाई

# बाल विवाह कराने वाले 13 लोगों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले से बाल विवाह के दंश को समूल समाप्त करने प्रशासन द्वारा लाख प्रयास किया जा रहे हैं। गत दिवस बाल विवाह के संबंध में कंट्रोल रूम और चाइल्डलाइन से सूचना प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच करने महिला बाल विकास, पुलिस विभाग, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास राजगढ़, प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर राजगढ़, सुपरवाइजर, उपनिरीक्षक और थाना कोतवाली राजगढ़ की टीम द्वारा ग्राम बरखेड़ा में विवाह स्थल मौके पर जाकर तस्दीक की। तस्दीक के दौरान ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त करने पर उनके द्वारा बताया गया कि 2 बालिकाओं का विवाह किया है। जांच दल के विवाह स्थल पर पहुंचने के पूर्व ही दोनों वैवाहिक जोड़े तथा परिजन विवाह स्थल से जा चूके थे। घर पर बालिकाओं की बुआ और बालिकाओं के बड़े पापा उपस्थित पाए गए, परन्तु किसी भी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। जांच दल द्वारा ग्रामवासियों के समक्ष मौके पर पंचनामा बनाया गया व शादी का कार्ड भी प्राप्त किया गया। जिसमें उल्लेखित बालिकाओं के दस्तावेज शिक्षा विभाग से प्राप्त किए गए बड़ी बालिका 14 वर्ष और छोटी की उम्र 12 वर्ष लगभग पाई गई। बाल विवाह संपादित करने वालों के विरूद्ध अपराध धारा 11 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज कर मामला कायम किया गया।

### आगे भी चलती रहेगी कार्रवाई

अधिकारियों ने बताया की आगामी विवाह मुहूर्तों के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है या उसमें किसी भी प्रकार से सहयोग करता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजगढ़ जिला बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

## सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी, मौत

**जीरापुर।** नगर से 6 किलोमीटर दूर सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर गोवर्धनपुरा जोड़ के नजदीक एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चौकीदार को टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नारायण भिलाला 45 वर्ष के रूप में हुई , जो जमुनिया का रहने वाला है। उक्त व्यक्ति अपनी बाइक से अपने गाँव लौट रहा था, तभी गोवर्धनपुरा जोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई! हादसा शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे का है। घटना को अंजाम देकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के शव को जीरापुर लाया गया जहां पर पुलिस ने शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है , और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले को जांच में लेकर वाहन चालक की तलाशी शुरू की।

# रेलवे स्टेशन भगवान भरोसे

## भीषण गर्मी में पानी को तरसते यात्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का टोटा यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। खासकर भीषण गर्मी के इस दौर में रेल मंडल की और से स्टेशन पर पीने के स्वच्छ पानी की उचित व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्टेशन पर भीषण गर्मी में रेलवे विभाग द्वारा वाटर कूलर लगाया जाता है वहीं समाजसेवियों की और से ठंडे पानी की व्यवस्था की जाती है, लेकिन सारंगपुर का रेलवे स्टेशन भगवान भरोसे चल रहा है। राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तीन बार सांसद रहे रोडमल नागर का इस और ध्यान नहीं है। इस भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पर विभाग की और से कोई सुविधा नहीं है ना किसी समाजसेवी ने यह मुद्दा उठाया। अब रेलवे कर्मचारी एवं रेलवे स्टेशन मास्टर को लगा कि ऐसी गर्मी में पानी की व्यवस्था की जाना चाहिए तो उन्होंने अपने स्टॉप से चंदा एकत्रित करके अपने निजी स्त्रोत से कुछ व्यवस्था की है जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित हो रही है। हमारे संवाददाता ने पूरे रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया तो कहीं भी रेलवे की तरफ से पानी की व्यवस्था नहीं दिखी। लेकिन कुछ मटके दिखे तो उनसे पूछा कि यह व्यवस्था किसने की है तो उन्होंने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सर ऐसी गर्मी में कई बच्चे बुजुर्ग परेशान होते हैं तो हमने यह व्यवस्था की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गर्मी बढ़ने के साथ यह समस्या और गंभीर होती जा रही है, जिससे यात्रियों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने रेलवे विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द स्टेशन पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए।

# बिना हेलमेट वाहन चालकों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 16 वाहनों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को सारंगपुर पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, प्रदेश में हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण बड़ी संख्या में लोगों की जान चली जाती है, जिनमें करीब 50 प्रतिशत मृतक दोपहिया वाहन चालक होते हैं। इनमें से अधिकांश दुर्घटनाएं हेलमेट नहीं पहनने, लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। इन्हीं संभावित हादसों को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी (भा.पु.से.) के निर्देशन में जिलेभर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में शनिवार को एसडीओपी अरविंद्र सिंह के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के नेतृत्व में सारंगपुर शहर एवं प्रमुख मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए गए 16 चालकों के खिलाफ विधिसम्मत चालानी कार्रवाई की गई, जिससे कुल 4500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए चेतावनी दी गई कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान केवल चालान काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य आमजन में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि लोग स्वयं नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करें।

## खंदा में टली बड़ी सामाजिक बुराई, बाल विवाह रुकवाया



**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर के ग्राम खंदा में शुक्रवार को 15 वर्षीय बालिका का विवाह होने की सूचना पर विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन और महिला एवं बाल विकास विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कस्बा के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और दस्तावेज जांच में बालिका नाबालिग पाई गई। परिजनों को कानून और दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। बारात दमोह से आने वाली थी, इससे पहले पंचनामा बनाकर बालिका को वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया गया। कार्रवाई में पुलिस व विभागीय अधिकारियों की अहम भूमिका रही।

# नगर के बदलीपुरा हनुमान मंदिर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित

## 26 अप्रैल को पूर्णाहुति व महाआरती के साथ होगा भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर के बदलीपुरा हनुमान मंदिर परिसर में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत सोमवार से यज्ञ प्रारंभ हुआ तथा शुक्रवार को विधि विधान के साथ विद्वान पंडितो द्वारा भगवान श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। शुक्रवार को मुख्य अजमान मंजू देवी बंशीलाल पुष्पद द्वारा भगवान श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा कर 56 भोग का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य आयोजन 26 अप्रैल को आयोजित होगा जिसमें प्रातः 9 बजे पूर्णाहुति, 10 बजे जुलूस तथा 11 बजे महाआरती का आयोजन किया जायेगा साथ ही राठी परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। पूरे परिसर को आकर्षक फूल-मालाओं और सजावट कर सजाया गया है, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था को मजबूत करना और एकता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजक मंजू देवी बंशीलाल पुष्पद परिवार द्वारा मुख्य कार्यक्रम एवं भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा महेश शर्मा दीपू दास बैरागी नारायण सोनी अंतर सिंह चंदेल अनुज पुष्पद सहित नगर के गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।

## दंड जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में आयोजित हुआ सम्मेलन

# राजगढ़ के तंवर समाज ने पीले करवाए 34 कन्याओं के हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

एक समय पर अशिक्षा, रूढ़िवादिता, अंधविश्वास और सामाजिक कुप्रथाओं में जकड़ा राजगढ़ का तंवर समाज शिक्षा की अलख के चलते अब ऐसे कार्यक्रम आयोजित करवा रहा है जो समूचे प्रदेश और देश के लिए उदारहरण साबित हो रहे हैं। इस बात की बानगी 25 अप्रैल को जिला मुख्यालय से सिर्फ 7 किलोमीटर दूर दंड जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में देखने को मिली।

समाज से जुड़े प्रबुद्धजनों के सहयोग से क्षेत्र की 34 कन्याओं का निशुल्क विवाह संपन्न करवाया गया। तंवर समाज सहित अन्य समाजों, संगठनों एल, समितियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण और नागरिक इन अविस्मरणीय पलों के साक्षी बने। समाज के लोगों द्वारा इस विवाह सम्मेलन को सफल बनाने हेतु बीते करीब एक माह से विराट स्तर पर तैयारी की जा रही थी। इस सम्मेलन की तमाम व्यवस्थाओं को सफल बनाने में समाज के युवाओं ने अपनी अग्रणी भूमिका निभाई। पूरा सम्मेलन बगैर किसी विवाद और सुव्यवस्थाओं के साथ संपर्क हुआ।

### हजारों की संख्या में महिला, पुरुष हुए शामिल

इस विवाह सम्मेलन में तमर समाज के लोगों ने एक जड़ता दिखाते हुए हजारों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सभी ने बाबा रामदेव से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति के पदाधिकारी ने बताया कि आने वाले वर्षों में भी सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।



# किसानों की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

## कलेक्टर के माध्यम से सीएम के नाम दिया ज्ञापन, नई मंडी गेट के सामने प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




आम आदमी पार्टी ने किसानों की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को ज्ञापन देने के बाद नई मंडी गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।

जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन समिति भगवत सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। प्रमुख मांगों में मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे उपज की खरीदी पर रोक, भूमि अधिग्रहण पर रोक एवं अमेरिकी ट्रेड डील रद्द करने की मांग शामिल है। इसके अलावा सहकारी बैंकों द्वारा फसल खरीदी की समय-सीमा 31 मई तक बढ़ाने, डिफाल्टर किसानों का संपूर्ण ब्याज माफ करने और फसल का सैंपल पास होने के बाद अमान्य न करने की मांग भी रखी गई। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) में केवल ब्याज जमा कर नवीनीकरण की सुविधा, किसानों को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति, वेयरहाउस रसीद पर 75% तक ऋण उपलब्ध कराने तथा समर्थन मूल्य से कम बिक्री होने पर राज्य सरकार द्वारा भावांतर देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।

# आकस का 10वां प्रांतीय सम्मेलन छिन्दवाड़ा में हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आदिवासी अधिकारी कर्मचारी संगठन आकस के दसवें प्रांतीय सम्मेलन छिंदवाड़ा में 25 अप्रैल को रायल गोल्डन रिसोर्ट छिंदवाड़ा में सम्मिलित होने हेतु राजगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम रोशिया, दिनेश भिलाला अशोक दलोदिया बालकृष्ण भील का फूल मालाओं से स्वागत कर प्रस्थान किया गया। प्रांतीय सम्मेलन में राजगढ़ गुना देवास खरगोन झाबुआ बैतूल रतलाम धार बुरहानपुर नर्मदापुरम डिंडोरी हरदा मंडला बड़वानी अशोकनगर आगर मालवा शाजापुर जिले के कर्मचारी अधिकारी प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह मोरे प्रबंध संचालक उद्योग विभाग के नेतृत्व में पूर्व राज्यपाल अनुसूईया उईके की उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा है। प्रांतीय सम्मेलन आदिवासी कर्मचारी व अधिकारियों के हितों व सामाजिक हित व शासन की योजनाओं पर मंथन किया जाएगा। पूर्व वर्ष 2025 में प्रांतीय सम्मेलन राजगढ़ जिले के ब्यावरा में प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम भिलाला जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ भिलाला के नेतृत्व में सफल आयोजन किया गया था।

## उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

# 12वीं के बाद संकाय बदलना है तो देना होगा इंटरव्यू, 27 से प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




प्रदेश के शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत अन्य संकाय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से पात्रता अनिवार्य कर दी गई है। अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी बी खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह व्यवस्था विद्यार्थियों को उनके रुचि के अनुसार विषय परिवर्तन का अवसर प्रदान करेगी, साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से निर्धारित समयावधि में साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की।

### यह हैं दिशा-निर्देश

जिला प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद लुकमान मंसूरी ने बताया कि कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं, जो अपने मूल संकाय से अलग संकाय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं, तथा स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो स्नातकोत्तर स्तर पर विषय परिवर्तन करना चाहते हैं, उन्हें अपने जिले के निर्धारित शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य के समक्ष साक्षात्कार देना होगा। यह प्रक्रिया 27 अप्रैल से 14 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी कला या वाणिज्य में, कला संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान या वाणिज्य में तथा वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी कला या विज्ञान संकाय में प्रवेश ले सकते हैं, लेकिन इसके लिए इंटरव्यू प्रक्रिया अनिवार्य होगी।

राजगढ़ जिले में साक्षात्कार हेतु छह शासकीय महाविद्यालय निर्धारित किए गए हैं, जिनमें पीएमसीओई शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ सहित सारंगपुर, जीरापुर और खिलचीपुर के शासकीय महाविद्यालय शामिल हैं। डॉ. मंसूरी ने यह भी बताया कि अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी मध्यप्रदेश के अपने निकटतम जिले में आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। इस नई व्यवस्था से प्रवेश प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित होने की उम्मीद है।

## गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने नगर के गो प्रेमियों ने सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन



**जीरापुर।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पुलिस थाना परिसर के सामने मुख्य मार्ग पर गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से नगर की श्रीराम भक्त समिति के साथ साथ गो पुत्र, गो भक्त, नगर की अन्य सुंदरकांड समितियों के सदस्य एवं श्रद्धालु जनों ने शामिल होकर सुंदरकांड पाठ किया तथा एक पत्रक पर गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने हेतु हस्ताक्षर किए गए।

यह कार्यक्रम गो माता के प्रति सम्मान, सुरक्षा और संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया है। गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग और गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का संदेश देना है। यह आयोजन सभी राजनीतिक दलों से हटकर नगर के गो पुत्र एवं स्थानीय हिंदू संगठनों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उपस्थित समस्त सनातनियों ने गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने और गो सेवा का संकल्प लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत देशभर में 27 अप्रैल को 5400 से अधिक तहसीलों में एक साथ प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसका उद्देश्य गो माता को संवैधानिक सम्मान और संरक्षण प्रदान करना है।